# अग्रणी शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

क्रमांक / 673 / 2024 दिनांक– 15-7-2024

## विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजनों की भर्ती हेतु विज्ञापन

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश शासन, सतपुडा भवन भोपाल के पत्र क्रमांक / 982 / 60 / न्या. / आउशि / शा.–3 / 24 भोपाल दिनांक 12.07.2024 के निर्देशानुसार विशेष भर्ती अभियान के तहत दिव्यांगजनों के लिए अधोलिखित तालिका में वर्णित पदों की पूर्ति वॉक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से की जाना है। आवेदन हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये नीचे दर्शाये गये विहित आवेदन प्रारूप दिनांक 26.07.2024 तक कार्यालयीन समय सांयकाल 05:00 बजे तक प्राप्त हो जाना चाहिए। इसके पश्चात् प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा। आवेदन प्राचार्य, अग्रणी शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय, छतरपुर के नाम से संबोधित कर प्रेषित करें। डाक से हुये विलम्ब के लिए अग्रणी महाविद्यालय उत्तरदायी नही होगा। धारित पदों का विवरण वेतनमान निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की जानकारी निम्न लिखित है, एवं वॉक–इन–इन्टरव्यू के लिये निर्धारित तिथि एवं समय की जानकारी प्रथक से प्रेषित की जावेगी।

| क्र. | पदनाम / वेतनमान | पद की श्रेणी | दिव्यांगजन के लिये आरक्षित रिक्तियां | | | | निर्धारित योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | दृष्टिबाधित और कम दृष्टि | बहरे और कम सुनने वाले | लोकोमीटर डिसेबिलिटी (सेरेबलपाल्सी, कुष्ठरोग मुक्त, बोनापन,एसिड अटैक, पीडित, मस्कलर डिस्ट्राफी) | ऑटिज्म बौद्धिक, दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, और मानसिक बीमारी एवं बहुविकलांगता | |
| 1 | प्रयोगशाला परिचारक (16100–50900) | चतुर्थ श्रेणी | 0 | 1 | 0 | 0 | दसवीं |
| 2 | अन्य चतुर्थ श्रेणी (15500–49000) | चतुर्थ श्रेणी | 1 | 1 | 0 | 0 | सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी नियमानुसार |

प्राचार्य
अग्रणी शासकीय कन्या पी.जी.
महाविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

**आवश्यक नियम एवं निर्देश :–**

1. आवेदक का मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. समस्त प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 45 वर्ष निर्धारित है ।
4. आवेदक का म.प्र. में किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
5. विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते है।
6. साक्षात्कार के समय सभी प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
7. संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा, ऐसे दिव्यांग जिनकी दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम है, वे अपात्र मान्य किये जावेंगे तथा साथ ही यू.डी. आई.डी. से जारी दिव्यांगता डिजिटल प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।
8. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
9. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान है उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी 2001 को या उससे पश्चात हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. साक्षात्कार से पूर्व संबंधित पद की समस्त अर्हता / योग्यता आवेदक के पास होना आवश्यक है।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार आयुक्त, उच्च शिक्षा भोपाल के पास सुरक्षित होगें।
12. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 17/07/2014 के अनुसार निःशक्तजनों की नियुक्ति के पश्चात् एवं उनके कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व जिला मेडिकल बोर्ड से निःशक्तता प्रमाण पत्र का परिक्षण कराया जावेगा ।
13. सामान्य प्रशासन विभाग के ज्ञापन दिनांक 13.10.2015 के अनुसार मूक बधिर श्रेणी के निःशक्तजनों की शासकीय भर्ती से पूर्व मेडिकल बोर्ड में बैरा टेस्ट (Bera Test) कराना अनिवार्य होगा।
14. मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय के पत्र दिनांक 31.05.2024 की कंडिका 2.4 के अनुमार दिव्यांगजनों के लिए आरक्षित रिक्त पदों की पूर्ति वॉक–इन–इंटरव्यू के माध्यम से की जाये, यह स्पष्ट किया गया है कि वॉक–इन–इंटरव्यू से आशय साक्षात्कार के लिए पृथक से अंक दिये जाने की आवश्यकता नहीं है। उच्च शिक्षा विभाग के रिक्त पदों के लिए नियमों में उल्लेखित आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता के आधार पर मैरिट सूची बनायी जाकर पद पूर्ति की जाए।
15. इस विशेष भर्ती अभियान में सामान्य प्रशासन विभाग एवं मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग के समयसमय पर जारी नियम एवं निर्देश लागू किये जावेंगे।

प्राचार्य
शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय
छतरपुर (म.प्र.)

# आवेदन पत्र

नवीन कलर पासपोर्ट फोटो

प्रति,

प्राचार्य
अग्रणी शासकीय कन्या पी.जी. महाविद्यालय
छतरपुर (म.प्र.)

1. आवेदित पद का नाम ..........................................................................................

2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम..........................................................................

3. आवेदक/आवेदिका के पिता/पति का नाम.............................................................

4. जन्म तिथि (10+2 प्रमाण पत्र के आधार पर) : वर्ष................माह..............दिन....................

5. वर्ग (OBC/SC/ST/EWS/UR) ..........................................................................

6. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण पत्र के अनुसार विवाह दिनांक .................

7. जीवित बच्चों का विवरण......................................................................................

8. स्थाई पता.........................................................................................................

9. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम....................

..........................................................................................................................

10. शैक्षणिक योग्यता (कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड की जानकारी सहित)

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड विश्वविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

11. अतिरिक्त विशेष योग्यता/अनुभव यदि हो तो.........................................................

12. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्र की छायाप्रति अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करें।
**संलग्न :– प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।**

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर

## //घोषणा पत्र//

मैं घोषणा करता हूँ/करती हूँ कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है। वह विवेक एवं ज्ञान से पूर्णतः सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा।

स्थान :–

आवेदक/आवेदिका के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

..........................................................